लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 155

24 नवम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड

155. श्री राम टहल चौधरीः
श्री लक्ष्मण गिलुवाः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड और इसकी सहायक कम्पनियों में भ्रष्टाचार के कतिपय मामले सरकार की सूचना में आए हैं;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त भ्रष्टाचार के मामलों के संबंध में जांच का आदेश दिया है; और

(घ) यदि हां, तो जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) और (ख): विगत तीन वर्षो के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के संबंध में विभिन्न स्रोतों से 52 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसमें से 34 शिकायतों को बंद कर दिया गया है।

(ग) और (घ): शिकायतों के संबंध में अनुशासनात्मक कार्रवाई जांच समेत, यदि कोई हो, मामलों की पड़ताल के आधार पर कर्मचारी के स्तर पर निर्भर करते हुए संबंधित अनुशासनात्मक प्राधिकारी द्वारा की जाती है। वर्तमान में, सरकार द्वारा जांच हेतु कोई मामले लम्बित नहीं है।

***